"हर काम देश के नाम"

# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

Office of the Controller General of Defence Accounts

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

## राजभाषा अनुभाग

विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 21 सितम्बर, 2023 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सितम्बर 2023 को समाप्त तिमाही बैठक 21 सितम्बर, 2023 को प्रातः 10.30 बजे श्री सुगाता घोष दस्तिदार, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में श्रीमती मुग्धा कौर जग्गी, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ उप महानियंत्रक (प्रशासन), श्री साहिल गोयल, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशासन) व श्री सुशील रियाड़, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशासन) के साथ निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | |
|---|---|
| 1. | श्री निहार रंजन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 2. | श्री अतुल अरोड़ा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 3. | श्री प्रदीप कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 4. | श्री मनमोहन सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 5. | श्री मोहम्मद शाहीन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 6. | श्री राजकुमार गांधी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 7. | श्री फाल्गुनी मंडल, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 8. | श्री देवेन्द्र मोहन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 9. | श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 10. | श्री रजनी कांत सुधाकर, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 11. | श्री सुजीत कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 12. | श्री मोहन कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 13. | श्री राजेन्द्र कुमार छाबड़ा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 14. | श्री पंकज कुमार, सदस्य सचिव (राजभाषा) |
| 15. | श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 16. | श्रीमती रुचिता सहाय, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 17. | श्रीमती वॉइलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 18. | श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 19. | श्री अरविन्द, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 20. | सुश्री प्रज्ञा कुमारी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागतोपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति के बाद बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 30 जून, 2023 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

राजभाषा कार्यान्वियन समिति की पिछली बैठक दिनांक 30 जून, 2023 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त अपेक्षित कार्रवाई के लिए सभी संबंधित सदस्यों को जारी कर दिए गए थे। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

(i) समिति को अवगत करवाया गया कि मुख्यालय में तैनात 31 आशुलिपिकों में से 12 आशुलिपिकों को हिंदी आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त है।

शेष आशुलिपिकों को केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में स्लॉट की अनुपलब्धता के कारण नामित नहीं किया जा सका। स्लॉट की उपलब्धता के आधार पर अगले सत्र के लिए नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने इस पर सुझाव दिया कि केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में स्लॉट की अनुपलब्धता का मुद्दा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के माध्यम से उठाना चाहिए। साथ ही अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि यदि केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान अपनी संकाय उपलब्ध कराए तो संबंधित आशुलिपिकों को विभाग के किसी क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है।

**[कार्रवाई : प्रशासन-IV एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(ii) नए भर्ती कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए Induction Course का आयोजन।

समिति को अवगत करवाया गया कि विभाग में नए भर्ती हुए कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए दिनांक 04-15 दिसम्बर, 2023 की अवधि के दौरान अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम में Induction Course का आयोजन किया जाएगा।

इस पर अध्यक्ष महोदय ने अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गुरुग्राम एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iii) अनुवाद अधिकारियों के लिए केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो द्वारा संचालित अनिवार्य अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम।

समिति को अवगत करवाया गया कि मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुवाद अधिकारी यह प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।

इस पर अध्यक्ष महोदय ने अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iv) रक्षा लेखा महानियंत्रक की वेबसाइट पर एक डैशबोर्ड पर राजभाषा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कार्यालयों का नाम प्रदर्शित करना।

यह सूचना रक्षा लेखा महानियंत्रक की वेबसाइट पर डाल दी गई है।

इस पर अध्यक्ष महोदय ने अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ.प्र. एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

मद सं. 3: <u>मार्च, 2023 तथा जून, 2023 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा:</u>

सदस्य सचिव ने मार्च, 2023 तथा जून, 2023 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष महोदय ने समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि हम सब को अपना अधिकतम कार्य हिंदी में ही करना चाहिए एवं जिन सहकर्मियों को हिंदी में कार्य करने में दिक्कत आती है हमें उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अनुभाग अपने मानक प्रोफार्मा को द्विभाषी करें तथा दैनिक पत्राचार में उनका प्रयोग करें। इससे राजभाषा पत्राचार में काफी बढ़ोतरी हो जाएगी।

[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]

मद सं. 4 : <u>हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति</u>:

मुख्यालय में तैनात 23 लिपिकों में से 08 लिपिकों को हिंदी टंकण का ज्ञान है।

समिति को अवगत कराया गया कि 02 लिपिक वर्तमान में प्रशिक्षणरत हैं एवं 03 लिपिकों को टंकण प्रशिक्षण से छूट प्राप्त है। शेष 10 लिपिकों को भविष्य में केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में स्लॉट की उपलब्धता के अनुसार नामित किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सभी लिपिकों को हिंदी टंकण का ज्ञान होना चाहिए और कहा कि केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान से संवाद किया जाए कि स्लॉट (slot) मिलने में क्या समस्या है। तथा उनसे बात करके भविष्य में शेष सभी लिपिकों को प्रशिक्षण के लिए नामित किया जाए।

[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]

मद सं. 5 : <u>रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति</u>:

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित वर्तमान स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | स्वीकृत पद | भरे हुए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 04 | 33 |
| वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 35 | 32 | 03 |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 70 | 70 | 00 |

समिति को अवगत करवाया गया कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के 33 पद रिक्त हैं। सहायक निदेशक (राजभाषा) की पदोन्नति से संबंधित 29 "deemed abolished" में से 06 पद revive हो गए हैं। 04 रिक्त पदों में से 02 पद पदोन्नति द्वारा एवं 2 पद प्रतिनियुक्ति द्वारा भरे जाने हैं। पदोन्नति से भरे जाने वाले पदों हेतु प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग में विचाराधीन है। प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले पदों की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है।

अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिए कि शेष "deemed abolished" पदों के revival हेतु शीघ्र अति शीघ्र कार्रवाई की जाए एवं जिन पदों का revival हो गया है उन पर प्रोन्नति की प्रक्रिया अति शीघ्र पूरी की जाए।

[कार्रवाई : प्रशासन-II/VIII अनुभाग (स्थानीय)]

मद संख्या : 6 राजभाषा संबंधी निरीक्षण

(क) संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :

समिति को अवगत कराया गया कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस तिमाही में विभाग के निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :-

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी (सेना), मऊ | 21.08.2023 |
| 2. | लेखा अधिकारी दुर्ग अभियंता (दक्षिण), मऊ | 21.08.2023 |
| 3. | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (वेतन) उधमपुर | 27.09.2023 |

(ख) अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण:

समिति को अवगत कराया गया कि गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार प्रति वर्ष कम से कम 25% अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया जाना है। इसी क्रम में इस वर्ष 11 अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है। इस तिमाही में दिनांक 04-05 सितम्बर, 2023 को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, कोलकाता का निरीक्षण किया गया। साथ ही सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया कि क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, कोलकाता में वर्तमान में कोई अनुवाद अधिकारी पदस्थ नहीं है।

अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि यदि संभव हो तो निरीक्षण कक्ष(स्थानीय) के दौरा कार्यक्रम के साथ ही राजभाषा निरीक्षण भी कर लिया जाए। साथ ही उन्होंने निदेश दिए कि क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, कोलकाता समेत अन्य क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों में अनुवाद अधिकारियों की शीघ्र नियुक्ति की जाए। इस संबंध में उन्होंने निदेश दिए जहाँ तक संभव हो संबंधित स्टेशन पर जिस कार्यालय में अधिक अनुवाद अधिकारी हैं उस कार्यालय से अनुवाद अधिकारियों को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों में तैनात किए जाने के प्रयास किए जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-X एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

मद संख्या :7 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय:

अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिए कि इसके बाद राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में सभी विंग प्रभारी भी भाग लेंगे।

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(पंकज कुमार)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (राजभाषा)